# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

(वेबसाइट– www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

**पत्रांकः** 366 **/गोपन/2025–26** **दिनांकः** 29 **सितंबर, 2025**

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–71/उ0अ0से0च0आ0/2025 दिनांक 11 अप्रैल, 2025 में सहकारी समितियाँ, उत्तराखण्ड के अंतर्गत विज्ञापित **सहकारी निरीक्षक वर्ग–2/सहायक विकास अधिकारी (सह0)** पदों हेतु लिखित प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन दिनांक **05 अक्टूबर, 2025(रविवार)** को एकल पाली में **प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:00** बजे तक किया जा रहा है।

2– उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जिनके द्वारा विज्ञापित पदों में उल्लिखित दिव्यांगता श्रेणी के सापेक्ष ऑनलाइन आवेदन–पत्र में दिंव्यांग श्रेणी का दावा किया गया है, यदि वह उक्त परीक्षा में श्रुतलेखक (Scribe) लेने के इच्छुक हों, तो उन्हें विज्ञप्ति के साथ संलग्न दिशा–निर्देशों के अनुरूप अभ्यर्थी को श्रुतलेखक (Scribe) की सुविधा प्रदान की जायेगी।

3– उक्त पदों की लिखित प्रतियोगी के प्रवेश–पत्र दिनांक 29 सितम्बर, 2025 को आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर प्रकाशित कर दिए गए है।

4– सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता कि परीक्षा दिवस को परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 8.30 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षा केन्द्र में उपस्थित अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक ली जाएगी। अतः सभी अभ्यर्थी अपने–अपने परीक्षा केन्द्रों पर 02 घण्टे पूर्व (प्रातः 8.30बजे) पहुँचना सुनिश्चित करे। किसी भी अभ्यर्थी को प्रातः 10.30 बजे के पश्चात परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

5– सभी अभ्यर्थियों को यह भी अवगत कराना है कि परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों द्वारा साथ में लाये गए समान को रखने हेतु में क्लॉक रूम (अमानती कक्ष) की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। अतः अभ्यर्थी अपने साथ लाए गए समान को परीक्षा केन्द्र के बाहर स्वयं ही रखने की व्यवस्था करें।

29.9.25

**(डॉ0 शिव कुमार बरनवाल)**
**सचिव।**